साइबर मैराथन | रन फॉर साइबर सेफ्टी मैराथन आयोजित

# 700 नागरिकों ने दौड़कर दिया डिजिटल सुरक्षा का संदेश

जबलपुर। सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत बुधवार को जबलपुर पुलिस द्वारा रन फॉर साइबर सेफ्टी (साइबर मैराथन) का भव्य आयोजन किया गया। पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित इस दौड़ में स्कूली बच्चों, युवाओं और सामाजिक संगठनों सहित लगभग 700 नागरिकों ने बड़े उत्साह के साथ हिस्सा लिया और डिजिटल सुरक्षा का संदेश दिया। इस मैराथन का शुभारंभ कलेक्टर राघवेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय के मार्गदर्शन और गरिमामयी उपस्थिति में हुआ।

दौड़ शुरू होने से पहले कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने सभी प्रतिभागियों को साइबर सुरक्षा की शपथ दिलाई। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय से अपील की कि वे डिजिटल माध्यमों का उपयोग करते समय पूरी सतर्कता बरतें और अपनी व्यक्तिगत या बैंकिंग जानकारी किसी भी अनजान व्यक्ति से साझा न करें।




### इन रास्तों से गुजरी मैराथन विजेताओं का किया सम्मान

यह मैराथन पुलिस परेड ग्राउंड से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी, जिसमें आंबेडकर चौक, हाईकोर्ट चौक, घंटाघर, तैयब अली चौक, पर्यटन तिराहा शामिल हैं। इन प्रमुख चौराहों से होते हुए मैराथन वापस पुलिस परेड ग्राउंड पर समाप्त हुई। दौड़ में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार प्रतिभागियों को कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा मेडल और प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। मैराथन में एएसपी शहर डॉ. आयुष जाखड़, एएसपी ग्रामीण श्रीमती अनु बेनीवाल, एएसपी क्राइम जितेंद्र सिंह, एएसपी अधीक्षक मुख्यालय सूर्यकांत शर्मा, एएसपी जोन-4 सुश्री अंजना तिवारी, एएसपी यातायात अखिलेश तिवारी, उप पुलिस अधीक्षक साइबर अंजुल अयंक मिश्रा, सहित अ न्य पुलिस अधिकारी, बड़ी संख्या में स्कूल छात्र छात्राऐं एवं पुलिस लाईन आवास के युवा उपस्थित रहे।

### शारीरिक फिटनेस की तरह डिजिटल सुरक्षा भी जरूरी

पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सेफ क्लिक 2.0 अभियान के अंतर्गत जबलपुर पुलिस लगातार स्कूलों, कॉलेजों, बाजारों और बस स्टैंडों पर जागरूकता गतिविधियां चला रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जिस प्रकार स्वस्थ जीवन के लिए शारीरिक फिटनेस आवश्यक है, ठीक उसी प्रकार डिजिटल युग में सुरक्षित जीवन के लिए साइबर जागरूकता भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।





# जल संकट से निपटने और भूजल स्तर को बढ़ाने ननि सक्रिय

**नवभारत,जबलपुर।** मानसून को देखते हुए नगर निगम ने जल संकट से निपटने और भूजल स्तर को बढ़ाने के लिए अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। जल ही जीवन है के संकल्प को धरातल पर उतारते हुए निगम प्रशासन वर्षा जल संचय रैन वॉटर हार्वेस्टिंग को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध नजर आ रहा है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने बताया कि इस अभियान के तहत शहर के कोने-कोने में व्यापक स्तर पर कार्य शुरू कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस मुहिम को एक जन-आंदोलन बनाने के लिए नगर निगम द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

भूजल स्तर को रीचार्ज करने के लिए निगम ने एक बेहतरीन तकनीकी योजना पर काम शुरू किया है। शहर के सभी सार्वजनिक हैंडपंपों और बोरवेल्स के पास रिचार्ज शाफ्ट बनाए जा रहे हैं। इससे बारिश का पानी सीधे जमीन के भीतर जाएगा, जिससे न केवल सूख रहे हैंडपंपों में दोबारा पानी आएगा, बल्कि आसपास के क्षेत्रों का वाटर टेबल भी तेजी से सुधरेगा।

### संवर रहे हैं पारंपरिक कुएं

निगम पारंपरिक जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने पर भी विशेष ध्यान दे रहा है। शहर के पुराने और अन्य कुओं की युद्ध स्तर पर सफाई की जा रही है। खास बात यह है कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो, इसके लिए विशेषज्ञों की देखरेख में वैज्ञानिक तरीके से कुओं की सफाई और गाद निकालने का काम किया जा रहा है। सफाई के बाद इन कुओं के पानी को शुद्ध कर उपयोग के लायक बनाया जाएगा।

## एक नजर में

### यू स्टेट पैनल के अम्पायरों की परीक्षा के लिए पंजीयन शुरू

**नवभारत, जबलपुर।** संभागीय क्रिकेट संघ के सचिव सुशील रजक द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा न्यू स्टेट पैनल के अम्पायरों के लिए परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार जबलपुर संभाग के अंतर्गत आने वाले समस्त जिलों से जो क्रिकेटर्स नहीं है और संभाग या जिले में अम्पायरिंग कर रहे हैं, क्रिकेटर, महिला एवं पुरुष इस परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। जिनकी जन्म तिथि 1 सितंबर 1986 से 31 अगस्त 2005 के बीच की है अर्थात 21 से 40 के बीच की है वे अपने नाम जबलपुर सम्भागीय क्रिकेट संघ कार्यालय में 15 जुलाई तक 750 रूपए परीक्षा शुल्क जमा कर अपना पंजीयन करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए सचिव सुशील रजक, धर्मेश पटेल, राजेश चौरसिया, मनीष तथा पवन सिंधिया से सम्पर्क कर सकते हैं।



### प्रदेश अध्यक्ष पुनीत टंडन का स्वागत, अनिकेत मिश्रा को मिला नियुक्ति पत्र

**नवभारत, जबलपुर।** संस्कारधानी में सूचना का अधिकार (आरटीआई) विभाग के प्रदेश अध्यक्ष पुनीत टंडन के आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया गया और नवनियुक्त आरटीआई जिला अध्यक्ष अनिकेत मिश्रा को उनका नियुक्ति पत्र सौंपा गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संजय यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष, संगठन महासचिव राजेश पटेल, मीडिया प्रभारी विवेक यादव एवं विनय पटेल उपस्थित रहे, जिन्होंने इस नई जिम्मेदारी के लिए अनिकेत मिश्रा को बधाई दी।

# बिना आदेश नए गैस कनेक्शन बंद करने का मामला हाईकोर्ट पहुंचा

**नवभारत,जबलपुर।** घरेलू एलपीजी गैस का नया कनेक्शन जारी करने पर कथित रोक का मामला हाईकोर्ट पहुंचा है। दायर याचिका में दावा किया गया है कि नए गैस कनेक्शन बंद करने संबंधी केंद्र या राज्य सरकार का कोई अधिसूचना, आदेश या परिपत्र अस्तित्व में नहीं है। इसके बावजूद भारत पेट्रोलियम और उसके अधिकृत वितरक द्वारा नए कनेक्शन देने से इन्कार किया जा रहा हैए जो आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 तथा एलपीजी (रेगुलेशन आफ सप्लाई एंड डिस्ट्रीब्यूशन) आर्डर, 2000 के विपरीत है। हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने



मामले की प्रारंभिक सुनवाई के बाद भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) को जवाब पेश करने के लिए 15 दिन का समय दिया है। याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी अनुकृति दीक्षित की ओर से अधिवक्ता राहुल राजपूत ने पक्ष रखा। जबकि बीपीसीएल की ओर से अधिवक्ता कपिल जैन उपस्थित हुए। मामले की अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद होगी। याचिका में कहा गया है कि एलपीजी नियंत्रण आदेश, 2000 के तहत नए गैस कनेक्शन के पंजीयन या वितरण से इन्कार प्रतिबंधित गतिविधि है। वहीं बीपीसीएल ने अपने जवाब में वैश्विक भू-राजनीतिक परिस्थितियों और सीमित एलपीजी आपूर्ति का हवाला देते हुए नए कनेक्शन पर रोक को अस्थायी कदम बताया है और कहा है कि फिलहाल प्राथमिकता मौजूदा उपभोक्ताओं को निर्बाध गैस आपूर्ति बनाए रखना है।

# मांग नहीं हुई पूरी, तो फिर होगा प्रदेशव्यापी आंदोलन

▶ 'जिले के पटवारियों ने सौंपा ज्ञापन

**नवभारत, जबलपुर।** मध्यप्रदेश पटवारी संघ के तत्वाधान में जिला शाखा द्वारा प्रदेशव्यापी 05 सूत्रीय लंबित मांगों के निराकरण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। पटवारियों के संघ ने सौंपे गए अपने ज्ञापन में कैडर रिव्यू एवं पदोन्नति, नायब तहसीलदार विभागीय परीक्षा का नियमित आयोजन, पटवारियों को विधिक संरक्षण, लंबित वित्तीय भुगतानों का भुगतान तथा संघ पदाधिकारियों के नियम विरुद्ध स्थानांतरण



निरस्त करने जैसी मांगों को प्रमुखता से दूर करने की अपील की है। संघ ने मांगों पर शीघ्र निर्णय की अपेक्षा व्यक्त करते हुए चेतावनी दी है कि समयबद्ध निराकरण नहीं होने पर 15 से 17 जुलाई 2026 तक प्रदेशभर के पटवारी सामूहिक अवकाश लेकर सांकेतिक आंदोलन करेंगे। इस अवसर पर मध्यप्रदेश पटवारी संघ की ओर से सुश्री मुक्ता चौकसे कार्यकारी जिला अध्यक्ष (जबलपुर) नरेश दुबे, संतोष राय, राहिल नायक, पंकज पाठक, सुनील झा, कैलाश उरेती, निहारिका तिवारी, पारस परते, प्रशांत डोंगरे, संदीप पटेल, रोहित खरे, अभिनव साहू, ममता चतुर्वेदी शिखा तिवारी, शालिनी सोनी आदि पटवारी मौजूद थे।

# न्यायालय के आदेशों की अवेलहना बर्दाश्त नहीं : हाईकोर्ट

▶ सख्त हिदायत के साथ ब्याज भुगतान के लिए तीन माह का समय

**नवभारत,जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने न्यायालय के आदेशों को हल्के में लेने वाले अधिकारियों को सख्त संदेश दिया है कि कोर्ट के निर्देश केवल कागजों के लिए नहीं होते। समय-सीमा तय नहीं होने से अवमानना की कार्रवाई तो फिलहाल टल गई, लेकिन कोर्ट ने 90 दिन की अंतिम मोहलत देते हुए ब्याज सहित मूल आदेश का पालन हर हाल में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

कोर्ट ने नरसिंहपुर जिले के करेली निवासी सेवानिवृत्त उच्च श्रेणी शिक्षक रामदर्शन शर्मा की अवमानना याचिका का निराकरण करते हुए कोर्ट ने उक्त आदेश पारित किया। याचिका में कहा गया कि हाईकोर्ट ने 25 फरवरी 2026 को पारित आदेश में नियमित वेतनमान के एरियर पर आठ प्रतिशत बैंक दर से ब्याज देने का निर्देश दिया थाए लेकिन संबंधित अधिकारियों ने अब तक आदेश का पालन नहीं किया। इसके चलते अवमानना याचिका दायर करनी पड़ी। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने कहा कि मूल आदेश में पालन के लिए कोई निश्चित समय-सीमा निर्धारित नहीं थी। इसलिए वर्तमान परिस्थितियों में अवमानना का मामला नहीं बनता। हालांकि न्यायहित को देखते हुए न्यायालय ने संबंधित अधिकारियों को 25 फरवरी 2026 के आदेश का 90 दिन के भीतर पालन करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि निर्धारित अवधि में आदेश का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। इन टिप्पणियों के साथ अवमानना याचिका का निराकरण कर दिया गया।

# सिविल इंजीनियर हत्याकांड का साजिशकर्ता गिरफ्तार

**नवभारत, जबलपुर।** रांझी थाना अंतर्गत बडा पत्थर नरसिंहनगर में 15 एकड़ कृषि भूमि के विवाद पर 23 अप्रैल की सुबह गोली मारकर की गई सिविल इंजीनियर की हत्या मामले में फरार साजिशकर्ता बाबा नेल्सन उर्फ विकास नेल्सन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी से पूछताछ की जा रही है। जिसमें नए खुलासे होने की उम्मीद है।

विदित हो कि क्लीरेंस एटकिंस 39 वर्ष निवासी बडकू का बाड़ा रांझी का सिविल इंजीनियर था। 23 अप्रैल की सुबह वे अपने 5 वर्षीय बेटे को स्कूल छोड़कर वापस अपनी मोटर सायकिल से आ रहा था। सुबह 8-30 बजे जैसे ही बडा पत्थर नरसिंह नगर में पहुंचा तभी एक मोटर सायकिल पर 2 अज्ञात लोग आये एवं क्लीरेंस एटकिंस की ओर बंदूक तानी और फायर कर दिए थे। बदमाशों ने बेहद करीब से निशाना साधते हुए फायरिंग की थी, जिसके कारण गोली सीधे सिर में जा धंसी थी। मेडिकल में इलाज के दौरान एटकिंस ने दम तोड़ दिया था। मामले में पूर्व में पुलिस ने तेजबल उर्फ अरुण रैकवार 20 वर्ष निवासी माढोताल एवं मोहित ठाकुर 20 वर्ष निवासी वर्धा हाउस पुल न. 02 थाना कैंट को दबोचा था। पूछताछ में यह बात सामने आई थी कि रायपुर के पास लगभग 15 एकड़ कृषि भूमि के भूमि स्वामी अजय खराडक़र से क्लेरेन्स एडकिन्स व अन्य पार्टनर का एग्रीमेंट था किन्तु भूमि स्वामी अजय खराडक़र द्वारा बाबा नेलसन और अन्य पर्टनर की सहमति से मीनाक्षी विश्वकर्मा निवासी छिंदवाड़ा के नाम से उक्त भूमि की रजिस्ट्री कर दी गयी जिस पर क्लेरेन्स एडकिन्स ने रजिस्ट्री शून्य करने और अन्य जगह बिक्री के लिए स्टे रायपुर न्यायालय में सिविल सूट लगाया था सौदेबाजी में बाबा नेलसन मध्यस्त था जो चाह रहा था कि क्लेरेन्स एडकिन्स सिविल सूट वापस ले ले, इसी बात पर से बाबा नेलसन और क्लेरेन्स एडकिन्स के बीच विवाद चल रहा था। इसी विवाद के चलते बाबा नेलसन के कहने पर बाबा नेलसन के बेटे प्रिंस ने अपने दोस्त मोहित ठाकुर, अर्पित कुशवाहा, अरुण रैकवार के साथ मिलकर योजना बनाई थी।

### जांच में आया था बाबा का नाम

टीआई उमेश कुमार गोल्हानी ने बताया कि प्रकरण की विवेचना के दौरान यह तथ्य सामने आए थे कि उक्त हत्याकांड का मुख्य साजिशकर्ता प्रिंस नेल्सन का पिता बाबा नेल्सन उर्फ विकास नेल्सन है, जिसने अपने पुत्र प्रिंस नेल्सन एवं उसके अन्य साथियों के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची थी। जांच में प्रिंस नेल्सन के तीन अन्य साथियों की भी संलिप्तता सामने आई। प्रकरण में आरोपी प्रिंस नेल्सन एवं विकास उर्फ बाबा उर्फ रिंकू नेलसन तथा एक अन्य घटना के बाद से फरार थे। जिनकी गिरफ्तारी पर ईनाम घोषित किया गया था। 18 जून को आरोपी प्रिंस नेल्सन और उसके मददगार बालक को गोरखपुर ईसाई कॉलोनी से दबोचा गया था। ऑटोमेटिक पिस्टल, दो कारतूस, मोटर साइकिल जप्त की गयी थी मुख्य साजिशकर्ता बाबा उर्फ़ विकास नेलसन फरार चल रहा था जिसे बुधवार को कटंगा तिराहे के पास से पुलिस ने दबोच लिया है। जिससे पूछताछ चल रही है।

# जनेकृविवि में लगी साइबर सुरक्षा पर एक दिवसीय कार्यशाला

**नवभारत, जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा से कृषि महाविद्यालय स्थित स्वामी विवेकानंद सभागार में साइबर सुरक्षा अभियान सेफ क्लिक 2.0 के तहत 'सुरक्षित क्लिक सुरक्षित जीवन' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह के मुख्य आतिथ्य और अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डॉ. अल्पना सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई।



### पुलिस ने दी साइबर अपराध से सुरक्षा की जानकारी

कार्यशाला के दौरान एएसपी जितेन्द्र सिंह ने अनजान लिंक पर क्लिक न करने, ओटीपी और पासवर्ड कभी साझा न करने तथा डिजिटल अरेस्ट पूरी तरह धोखा होने सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने सभागार में उपस्थित सभी लोगों को पावर पॉइंट के माध्यम से महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि लालच, भय और अज्ञान इन्हीं तीनों बिंदुओं के कारण लोग डिजिटल अपराध का शिकार बन रहे हैं, जिससे सावधान होने की आवश्यकता है। एएसपी सिंह ने सभी श्रोताओं की जिज्ञासाओं के प्रश्नों का बड़ी सरलता से निराकरण किया। इस अवसर पर अधिष्ठाता उद्यानिकी संकाय डॉ. स्वाती बार्चे, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा, डॉ. मनोज श्रीवास्तव, डॉ. अनुभा उपाध्याय, डॉ. ज्ञानेन्द्र तिवारी, डॉ. एच.के. राय, डॉ. बी.एस. द्विवेदी, डॉ. अमित झा, सीएसपी ज्ञानेश्वरी, अधारताल थाना प्रभारी विपिन ताम्रकार, डॉ. आर.एस. शर्मा, डॉ. सुब्रता शर्मा सहित प्राध्यापक, वैज्ञानिक, कर्मचारी और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# डिण्डौरी पुलिस को मिला राज्य स्तरीय सम्मान



▶ सेफ क्लिक 2.0' अभियान में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**डिंडोरी, नवभारत।** प्रदेशव्यापी 'सेफ क्लिक 2.0 सुरक्षित क्लिक, सुरक्षित जीवन' साइबर सुरक्षा अभियान के प्रभावी संचालन और जन-जागरूकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए जिला डिण्डौरी को राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया है।

पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने जिला पुलिस को 'उत्कृष्ट प्रदर्शन' प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया। यह सम्मान साइबर अपराधों की रोकथाम और आमजन में डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए किए गए उल्लेखनीय प्रयासों की राज्य स्तर पर मिली सराहना है। पुलिस अधीक्षक आशीष खरे के नेतृत्व में जिला साइबर सेल, समस्त थाना एवं चौकी पुलिस तथा विभिन्न विभागों के समन्वय से 24 जून से 8 जुलाई 2026 तक अभियान चलाया गया।

### 660 जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं

अभियान के अंतर्गत कुल 660 जागरूकता गतिविधियां आयोजित हुईं, जिनमें 23 डिजिटल एवं सोशल मीडिया कार्यक्रम, 16 जागरूकता रैलियां, 619 बैनर-पोस्टर प्रदर्शन, 2 साइबर क्विज प्रतियोगिताएं, 2 नुक्कड़ नाटक और 1 साइबर मेला शामिल रहा। इन आयोजनों के माध्यम से लोगों को डिजिटल अरेस्ट, फिशिंग लिंक, ओटीपी फ्रॉड, क्यूआर कोड स्कैम, यूपीआई एवं बैंकिंग धोखाधड़ी, सोशल मीडिया फ्रॉड और फर्जी निवेश योजनाओं से बचाव के उपाय बताए गए।

स्थापना दिवस | इशिता बैस ने 14 गोल्ड मैडल जीतकर रचा स्वर्णिम कीर्तिमान

# 79वें स्थापना दिवस पर वेटनरी कॉलेज का गौरवशाली उत्सव

**नवभारत, जबलपुर।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के घटक पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय वेटनरी कॉलेज का 79वां स्थापना दिवस एवं जेवीसी एलुमनाई मिलन समारोह बुधवार को गरिमामय माहौल में आयोजित किया गया। समारोह में संस्थान की 79 वर्षों की शैक्षणिक, अनुसंधान एवं विस्तार सेवाओं की उपलब्धियों को याद करते हुए पूर्व छात्रों, शिक्षकों और वर्तमान विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे डॉ. अजय विश्नोई ने पूर्व विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा की पशु



चिकित्सा एवं पशुपालन क्षेत्र में नवाचार और समाज सेवा की भावना के साथ आगे बढ़ना समय की आवश्यकता हैउन्होंने शिक्षक से गुरु बनने की यात्रा को अनुसंधान से जोड़ते हुए विद्यार्थियों से नानाजी देशमुख के आदर्शों पर चलते हुए 'विकसित भारत' के संकल्प में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे विधायक अशोक रोहाणी ने अपने संबोधन में दृढ़ इच्छाशक्ति को सफलता की कुंजी बताया, जबकि संस्थापक कुलपति डॉ. जी.पी. मिश्रा ने महाविद्यालय की उपलब्धियों का श्रेय पूर्व शिक्षकों की मेहनत को दिया।

### इशिता बैस ने रचा कीर्तिमान जीते 14 स्वर्ण पदक

समारोह का सबसे आकर्षक क्षण शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए विद्यार्थियों का सम्मान रहा। बी.वी.एससी. एंड ए.एच. (2020-25 बैच) की छात्रा इशिता बैस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 14 स्वर्ण पदक अपने नाम किए। उन्होंने कॉलेज टॉपर सहित पैथोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, फिजियोलॉजी, मेडिसिन, सर्जरी, फार्माकोलॉजी, पैरासाइटोलॉजी समेत विभिन्न विषयों में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा जान्हवी परिहार को एनाटॉमी एवं एनिमल न्यूट्रिशन, आचला सिंह को आईसीएआर-जेआरएफ (महिला वर्ग), यादराम चौधरी को एनिमल न्यूट्रिशन (पुरुष वर्ग), श्रुति पाठक को प्रथम वर्ष टॉपर, शिवम तिवारी को पुरुष टॉपर, श्रेया पाण्डेय को बेस्ट ऑलराउंडर, वंदना गुप्ता को एम.वी.एससी. कॉलेज टॉपर तथा मृणालिनी गजानन वैराले को भरतलाल मेमोरियल गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं पाटन विधायक डॉ. अजय विश्नोई रहे वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में कैंट विधायक अशोक रोहाणी और विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति डॉ. गोविंद प्रसाद मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. डॉ. मनदीप शर्मा ने की, जबकि आयोजन का नेतृत्व महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. राखी वैश्य ने किया।


## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)

**प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा सूचना क्रं./उ.वि./2026-27/PRO-376 दिनांक : 08/07/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2026_UAD_519929_1 | नेशलन क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत संभाग क्र. 03 वार्ड क्र. 08 स्थित जय भीम नगर पानी की टंकी के पास पार्क का निर्माण का विकास कार्य। | 06 Month 31,13,066=00 | 23,450=00 5,000=00 | 12/08/2026 |
| 2. | 2026_UAD_519929_2 | संभाग क्र.01 गढ़ा इंदिरा गांधी वार्ड क्र. 06 संजीवनी नगर स्थित शाही तालाब पार्क विकसित करने का कार्य। | 03 Month 18,93,860=00 | 14,210=00 2,000=00 | 12/08/2026 |

**नोटः-** निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**उद्यान अधिकारी नगर पालिक निगम जबलपुर**